नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 239/2021

Dt- 13-7-2021

प्रधान सचिव,
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः—**मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत झंझारपुर क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित तालाब/सैरात के देख—रेख की जिम्मेवारी नगर पंचायत झंझारपुर को देने के संबंध में।**

महाशया,

मधुबनी जिला के नगर पंचायत झंझारपुर क्षेत्रान्तर्गत लगभग 40 तालाब/सैरात अवस्थित है जो जिला मत्स्य विभाग के अंतर्गत आता है, जिसका सही एवं सुचारू रूप से देख—रेख नहीं होने के कारण जीर्ण—शीर्ण अवस्था में है।

दिनांक 22.2.2019 को संपन्न वार्ड पार्षद की बैठक में प्रस्ताव संख्या 14 में निर्णय लिया गया कि नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित तालाब/सैरातों को नगर पंचायत को हस्तांतरण हेतु अपेक्षित कार्रवाई किया जाय। (छायाप्रति संलग्न)

ज्ञात हो एतद संबंधी निदेश राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं नगर विकास एवं आवास विभाग से भी प्राप्त हुआ है। (दोनों की छायाप्रति संलग्न)

अतः अनुरोध है कि संलग्न विपत्रों के आलोक में नगर पंचायत झंझारपुर को तालाब/सैरातों की देख—रेख की जिम्मेवारी देने हेतु समुचित विचार करना चाहेंगी।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
13-7-21
(नीतीश मिश्रा)

संलग्न—यथोक्त।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in